(b) Does not arise.

(c) The Central Government is of the view that the inter-state boundary disputes have to be settled primarily by the concerned States by mutual discussions and adjustments. Towards this end, the centre will extend all possible assistance to the State Governments concerned.

Smuggling by BSF Personnel

2075. SHRI S. MADHAVAN : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether his Ministry are aware of the statement made by the Chief Minister of Rajasthan about the involvement of some Police and B.S.F. personnel in smuggling activities along Indo-Pak border in Western Rajasthan; and

(b) if so, what steps are being taken by Government to prevent involvement of these personnel in such activities ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB) : (a) Yes. Sir.

(b) To prevent such incidents from occurring in future, vigilance and intelligence authorities have been alerted to exercise greater surveillance on the personnel manning the sensitive border areas.

कश्मीर में उग्रवादियों की घुसपैठ

2076. **श्री चिन्नावारम रामाराव पाटिल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेशों से अनेक उग्रवादी कश्मीर में घुस आए हैं; और

(ख) यदि हां, तो दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) जम्मू और कश्मीर में उग्रवादियों के साथ-साथ विघटनकारी गतिविधियों में अंतर्ग्रस्त कुछ विदेशी राष्ट्रिकों की उपस्थिति के बारे में रिपोर्टें सरकार के ध्यान में आयी हैं । हाल ही में उग्रवादी ग्रुपों के साथ मुठभेड़ में इस प्रकार का एक व्यक्ति मारा गया । तथापि, ऐसे विदेशी राष्ट्रिकों की ठीक-ठीक संख्या का अनुमान लगाना संभव नहीं है, जो राज्य में घुस आए हों ।

(ख) उग्रवादियों पर बराबर दबाव बनाए रखा जा रहा है । घुसपैठ के संभावित रास्तों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और संबंधित सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत किया गया है । राजनयिक स्तर पर भी उपयुक्त कार्रवाई की जा रही है ।

अयोध्या मुद्दे से संबंधित समाचार

2077. **श्री अनन्त राम जायसवाल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 21 सितम्बर, 1992 के "जनसत्ता" में "अयोध्या विवाद का हल शाहजहां के फरमान में है" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है; यदि हां, तो क्या सरकार इस समाचार के तथ्यों की पुष्टि करने का विचार रखती है; और

(ख) क्या सरकार ने उक्त समाचार/प्रमाण के संदर्भ में संबद्ध पक्षों से बातचीत की है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) और (ख) सरकार को इस प्रकार के समाचारों की जानकारी है । विश्व हिन्दू परिषद् और आल इण्डिया बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के प्रतिनिधियों के बीच शुरू हुई बातचीत के दौरान 16 अक्तूबर, 1992 को हुई बैठक में विश्व हिन्दू परिषद् ने एक नोट प्रस्तुत किया । इस नोट को इसी बैठक में आल इण्डिया बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के प्रतिनिधियों में परिचालित किया गया । अगली बैठक 8 नवम्बर, 1992 को होनी थी । तथापि, इसी बीच 6 दिसम्बर, 1992 में कार सेवा शुरू करने के बारे में एक पक्षीय